__/__/____

Tender Heart School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date- 		Class - V
Subject- Hindi Language		Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 15 नवंबर, 2021 को भेजा जाएगा।

बच्चो ! माँ और बेटी की इस वार्तालाप को ध्यान से सुनो एवं समझो।

बेटी :- माँ मेरी सखी बहुत मीठा बोलती है। वह अच्छे आचरण की है।

माँ :- इसका अर्थ यह हुआ कि वह मृदुभाषी और सदाचारी है।

बेटी :- वह मेरी ऐसी सखी है जिस पर विश्वास किया जा सकता है। ईश्वर उसे लंबी आयु दे।

माँ :- हाँ, वह विश्वसनीय है। वह दीर्घायु हो।

बच्चो! इस वार्तालाप में आप देख रहे हैं कि कई बार अपनी भावना को व्यक्त करने के लिए पूरा एक वाक्य बोलने के स्थान पर एक ही शब्द पर्याप्त होता है। इससे हमारी भाषा सुगठित और सुंदर बनती है तथा कथन भी प्रभावशाली हो जाता है। जैसे ऊपर वाक्य में मेरी सखी मीठा बोलती है के लिए मेरी सखी मृदुभाषी है ज्यादा प्रभावशाली लग रहा है।

Scanned with CamScanner

Date-
Class- V
Subject- Hindi Language
Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

इस प्रकार :-

अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द अथवा वाक्यांश के लिए एक शब्द कहलाते हैं।

बच्चो ! अब हम कुछ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द करेंगे, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

1. मछली पकड़ने वाला - मछुआरा
2. चित्र बनाने वाला - चित्रकार
3. जो आकाश को छू रहा हो - गगनस्पर्शी
4. जो जल बरसाता हो - जलद
5. लंबे समय तक जीने वाला - चिरंजीवी
6. जो विज्ञान का ज्ञाता हो - वैज्ञानिक
7. गगन को चूमने वाला - गगनचुंबी
8. जो दया का पात्र हो - दयनीय
9. शाक - सब्जी खाने वाला - शाकाहारी
10. जो मांस खाता हो - मांसाहारी

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-                                    Class- V
Subject- Hindi Language                  Page- 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

11. जिसके आने की तिथि न हो -  अतिथि

12. दर्शन करने योग्य -  दर्शनीय

13. जिसका दोष न हो -  निर्दोश

14. जिसकी आयु लंबी हो -  दीर्घायु

15. ईश्वर में विश्वास रखने वाला -  आस्तिक

16. जो कम खाता हो -  अल्पाहारी

17. जिसका कोई शत्रु न हो -  अजातशत्रु

18. जो लोगों में प्रिय हो -  लोकप्रिय

19. जिसका आचरण अच्छा हो -  सदाचारी

20. जो ईश्वर को न मानता हो -  नास्तिक

गृहकार्य :-

- बच्चो ! आप इन 20 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

धन्यवाद !

Last page

Scanned with CamScanner